दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 17 फरवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 140

महत्वपूर्ण एवं खास

पुलिसवाले ने गोली मारकर की चार की हत्या

मोगा (आरएनएस)। पंजाब के मोगा में एक पुलिसकर्मी अपने सुसराल के लोगों से इतना नाराज हुआ कि उसने चार की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना रविवार सुबह की है। पुलिसकर्मी एके 47 रायफल लेकर अपने ससुर के घर पहुंचा और अंधाधुंध फायरिंग शुरु कर दी । फायरिंग में पुलिसकर्मी की पत्नी, उसका साल और उसकी पत्नी और सास की मौत हो गई । इस घटना में एक बच्ची भी घायल हुई है । मामला घरेलू कलह का बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि पुलिसकर्मी को एके 47 रायफल कहां से मिली।

केजरीवाल के साथ अन्य मंत्रियों ने भी ली शपथ

नईदिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने यहां रविवार को लगातार तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ उनके मंत्रिमंडल के छह सदस्यों ने भी शपथ ली। दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने यहां रामलीला मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में केजरीवाल और अन्य मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वाले अन्य मंत्रियों में मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और राजेंद्र पाल गौतम शामिल हैं। ये सभी लोग केजरीवाल के मंत्रिमंडल के पुराने सदस्य हैं।

नाले में गिरने से हुई दो मासूमों की मौत

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में कथित तौर पर खुले नाले में गिरने के कारण दो बच्चों की मौत हो गई. इनमें से एक बच्चे का शव बाद में पुलिस ने बरामद किया। बताया जा रहा है कि पहली घटना में एक बच्चा 8 फरवरी से लापता था. इस मामले में पुलिस के पास केस भी दर्ज कराया गया था. पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह बच्चे के घर के पास के नाले से उसका शव बरामद किया गया. उन्होंने बताया कि बच्चे की मौत का कारण नाले में गिरना भी हो सकता है। वहीं एक अन्य घटना में दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में एक तीन साल की बच्ची की भी खुले नाले में गिरने से मौत हो गई. यह घटना शुक्रवार शाम 3 बजे की बताई जा रही है। अधिकारी के अनुसार, मृत बच्ची इस खुले नाले के सामने खेल रही थी. इसी दौरान दुर्घटनावश वह उसमें गिर गई. घटना के वक्त उसकी मां पास में ही कचरा इकट्ठा कर रही थी. स्थानीय लोगों की मदद से इस बच्ची को तत्काल पास के हॉस्पिटल में ले जाया गया. वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आज कोविन्द करेंगे दादरा-नगर हवेली और दमन-दीव का दौरा

» विकासात्मक परियोजनाओं समेत कई कार्यों के लिए करेंगे शिलान्यास

नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 17-18 फरवरी को केंद्र शासित प्रदेश दादर एवं नागर हवेली और दमन एवं दीव का दौरा करेंगे। राष्ट्रपति 17 फरवरी, 2020 को दादर एवं नागर हवेली और दमन एवं दीव की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास/ उद्घाटन करेंगे। उसी दिन, वे मोती दमन जेट्टी से जाम्पोर बीच तक जाम्पोरा सागर फ्रंट रोड का और दमन में आयुष्मान भारत कल्याण केंद्र का भी उद्घाटन करेंगे।

21वीं सदी का भारत अंत्योदय के लिए कार्य कर रहा है:मोदी

» दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण कर राष्ट्र को समर्पित किया

वाराणसी (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण किया और दीनदयाल उपाध्याय स्मारक राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने तीन ज्योर्तिलिंग तीर्थ स्थलों- वाराणसी, उज्जैन और ओंकारेश्वर को जोड़ने वाली तीसरी कार्पोरेट ट्रेन-महाकाल एक्सप्रेस को भी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ट्रंप के भारत दौरे से पहले जैश ए मोहम्मद ने दी धमकी

» जारी किया वीडियो

श्रीनगर (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दौरे से ठीक पहले आतंकवादी संगठन जैश-ए-मुहम्मद ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें बदला लेने की बात कही गई है। इस वीडियो में पवित्र ग्रंथ कुरान शरीफ की आयत का हवाला देकर कहा गया है-अगर किसी ने कत्ल किया है तो उसे माफ नहीं किया जाएगा।

वीडियो देखने और सुनने से यह प्रतीत होता है कि इसमें बदला लेने की बात कही गई है। इसमें कहा गया है कि ऐ लोगों बदला जो होता है इंसाफ के साथ उसकी भी जिंदगी है ताकि तुम डर सको और कोई अपराध न करो। यह धमकी भारत सरकार को दी जा रही है। इसमें कहा गया है कि जिस तरह तुमने मुसलमानों को परेशान किया और उनकी बस्तियां जलाई है सबका बदला लिया जाएगा।

वीडियो में कुछ बातें कुरान शरीफ के हवाले से लिखा गया है, वहीं एक व्यक्ति कह रहा है, अब मगर कातिलो इंतिहा हो गई/अमन की लोरियां सुन चुके हम बहुत/वो कहानी गई वो फसाना गया/हर बहाना गया हाथ पर हाथ रख कर यूं ही बेसबब/आसमां देखने का जमाना गया।

इस बीच सुरक्षा एजेंसियों को इस वीडियों के साथ यह लीड मिली है कि इस महीने की शुरुआत में पीओके (पोक) में आतंकी तंजीमो की बैठक की गई थी और आईएसआई और पाक सेना के अधिकारी भी इस मीटिंग में मौजूद थे।

इस बैठक में यह भी तय किया गया कि हिजबुल मिजाहीदन को एक्टिव किया जाए। पाकिस्तानी आतंकियों के बजाए हिजबुल मुजाहिदीन में शामिल कश्मीर के आतंकियो को जिम्मेदारी सौंपा जाए। लश्कर और जैश के आतंकी वारदात की सारी ज़िम्मेदारी हिजबुल को लेने का फरमान जारी किया गया है। यह पाकिस्तान की कोशिश है कि ट्रंप के दौरे के दौरान ये दिखाया जा सके कि धारा 370 हटाने के बाद कश्मीरी नाराज हैं और वह आतंकी हमलों को अंजाम दे रहे हैं। कश्मीरियों के मन में खौफ बढ़ाने के लिए शहरी इलाकों में पुलिस, सुरक्षाबलों और आम लोगों पर गोलीबारी और ग्रेनेड हमले की साजिश रची जा रही है। सुरक्षाबलों के काफिलो और कैंपों पर बड़े फिदायीन हमले करने की कोशिश की जा रही है।

दिल्ली के विकास के लिए केन्द्र के साथ काम करना चाहता हूं: केजरीवाल

नईदिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने लगातार तीसरी बार देश की राजधानी दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली. सीएम पद की शपथ लेने के बाद रामलीला मैदान में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के विकास के लिए वह पीएम मोदी का आशीर्वाद चाहते हैं. साथ ही कहा कि वह केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं और वह सबके साथ मिलकर काम करना चाहते हैं।

सीएम केजरीवाल ने रामलीला मैदान में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के समय खूब राजनीति हुई. उन्होंने कहा कि उस दौरान उनके विरोधियों ने उन्हें जो कुछ भी कहा वह उसके लिए उनको माफ करते हैं। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह सबके साथ मिलकर काम करना चाहते हैं. उन्होंने कहा, चुनाव खत्म हो गया, आपने जिसको भी वोट दिया उससे फर्क नहीं पड़ता. अब आप सारे लोग मेरे परिवार का हिस्सा हो. सबके लिए काम करूंगा।

केजरीवाल से अपने संबोधन में कहा, कुछ लोग कहते हैं की दिल्ली में केजरीवाल चीजें फ्री करता है. मैं उनको कहना चाहता हूं की बहुत सारी अनमोल चीजें फ्री हैं. मां का प्यार फ्री, पिता का प्यार और सैक्रीफाइज फ्री है , श्रवण कुमार की उसके माता पिता के लिए सेवा फ्री. मैं अपने सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से फीस लेना शुरू कर दूं. लानत है ऐसे मुख्यमंत्री पर।

दिल्ली में फ्री

केजरीवाल से अपने संबोधन में कहा, कुछ लोग कहते हैं की दिल्ली में केजरीवाल चीजें फ्री करता है. मैं उनको कहना चाहता हूं की बहुत सारी अनमोल चीजें फ्री हैं. मां का प्यार फ्री, पिता का प्यार और सैक्रीफाइज फ्री है, श्रवण कुमार की उसके माता पिता के लिए सेवा फ्री।

राजधानी की एक्यूआई खराब श्रेणी में पहुंचा

नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को प्रदूषण का स्तर खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। वहीं वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 208 रहा। यह जानकारी केंद्र संचालित सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फॉरकास्ट एंड रिसर्च (सफर) ने दी।

एक्यूआई 0-50 को अच्छा, 51-100 को संतोषजनक, 101-200 मध्यम, 201-300 खराब, 301-400 को अत्यंत खराब और 401-500 गंभीर श्रेणी में दर्ज किया जाता है। सफर के अनुसार, इस दौरान सभी को भारी परिश्रम करने से बचना चाहिए। दिल, फेफड़े के मरीजों, बुजुर्गो बच्चों को लंबे व भारी परिश्रम से बचने की आवश्यकता है। क्षेत्र में प्रमुख प्रदूषक तत्व पीएम 2.5 और पीएम 10 की संख्या क्रमशः 93 और 178 मापी गई। सफर ने आगे कहा कि रविवार को सांस संबंधी समस्याओं में बढ़ोत्तरी स्पष्ट तौर पर देखी जा सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि दिल्ली एनसीआर में ठंड का असर बना हुआ है। क्षेत्र का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसतन से दो डिग्री कम है। मौसम विभाग ने कहा कि बीते दिनों के मुकाबले आगामी दिनों में तापमान में गर्माहट महसूस होगी, क्योंकि सर्द हवाओं को प्रवाहित करने वाली उत्तरी-पश्चिमी हवाएं कमजोर पड़ जाएंगी, वहीं आगामी दो दिनों तक हवा का प्रवाह न के बराबर होगा। विभाग ने कहा, सर्द का असर बरकरार रहेगा, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ और उत्तरी पश्चिमी हवाओं के चलने से बर्फबारी हो सकती है।

केजरीवाल के शपथ समारोह में शामिल नहीं हुए बीजेपी के कोई भी सांसद

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के रामलीला मैदान में अरविंद केजरीवाल के शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली के आम और खास लोग पहुंचे हैं, लेकिन भाजपा के प्रतिनिधि शपथ ग्रहण समारोह से दूर दिखे। दिल्ली के सातों सांसदों में से कोई भी सांसद रामलीला मैदान में नहीं दिखे। हालांकि, अरविंद केजरीवाल और दिल्ली सरकार की तरफ से पीएम मोदी और भाजपा के सभी सातों सांसदों को न्योता भेजा गया था। शपथ ग्रहण समारोह में पंजाब से आम आदमी पार्टी के कई विधायक, पंजाब के सांसद भगवंत मान और राज्यसभा से आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, सुभाष गुप्ता और एस. सी. गुप्ता भी मौजूद हैं।

अब ई-वोटिंग से मतदाता कर सकेंगे कहीं से भी मतदान

नई दिल्ली (आरएनएस)। चुनावों में मतदान प्रतीशत बढ़ाने को लेकर गंभीर चुनाव आयोग ने अब एक नई पहल की है। चुनाव आयोग को उम्मीद है कि इससे मतदान के प्रतिशत में इजाफा होगा।

वहीं मतदान के वक्त अपने शहर से दूर रहने वाले लोगों को भी अपना मत डालने का मौका मिलेगा। आप जहां पंजीकृत मतदाता हैं अगर उससे अन्य राज्य में रह रहे हैं तो अब आपको मतदान के दिन निराश नहीं होना पड़ेगा। चुनाव आयोग ऐसे मतदाताओं को ई वोटिंग के जरिए मताधिकार प्रयोग की सुविधा देने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। आयोग को इस भावी पहल से मतदान प्रतिशत बढ़ने का साथ-साथ चुनावी खर्च पर भी नियंत्रण की उम्मीद है। आयोग इसके लिए ई वोटिंग के जरिए दूरस्थ मतदान (रिमोट वोटिंग) की सुविधा मुहैया कराने के विकल्पों को विकसित कर रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने हाल ही में इस व्यवस्था के बारे में खुलासा किया था कि आईआईटी चेन्नई के सहयोग से विकसित की जा रही मतदान की इस पद्धति के तहत किसी भी राज्य में पंजीकृत मतदाता किसी अन्य राज्य से मतदान कर सकेगा।

गुजरात में किया गया था प्रयोग

एक अनुमान के मुताबिक देश में लगभग 45 करोड़ प्रवासी लोग हैं जो रोजगार आदि के कारण अपने मूल निवास स्थान से अन्यत्र निवास करते हैं।

वीआईपी गैलरी में सीट न मिलने से विजेन्द्र गुप्ता ने जताई नाराजगी

नईदिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के भी तमाम नेताओं को आमंत्रित किया गया था. बीजेपी के नेता विजेन्द्र गुप्ता इस समारोह में पहुंचे भी. बीजेपी नेता ने आरोप लगाया है कि समारोह में बुलाकर उन्हें बैठने तक के लिए सीट नहीं दी गई. वीआईपी गैलरी की पहली पंक्ति की सभी सीट पर विधायक और उनके परिवार वालों को बैठा दिया गया था। रोहिणी से विधायक और बीजेपी नेता विजेन्द्र गुप्ता वीआईपी गैलरी में सीट न मिलने को लेकर नाराजगी जता रहे थे और मीडिया को बयान दे रहे थे. वह नाराज होकर दर्शक दीर्घा के सामने जाकर खड़े हो गए, तभी मटिया महल से आप विधायक शोएब इकबाल मामले को भांपते हुए विजेन्द्र गुप्ता के पास पहुंच गए और उन्हें गले लगाया. इसके बाद उन्हें वीआईपी गैलरी में तीसरी पंक्ति में ले जाकर बिठाया. जैसे ही पहली पंक्ति में सीट का इंतजाम हुआ तो तुरंत विजेन्द्र गुप्ता को आगे की सीट पर बैठाया।

भारत में बने उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता:मोदी

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरकार 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निर्णय लेना जारी रखेगी। प्रधानमंत्री ने वाराणसी में रविवार को एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पारंपरिक हस्तशिल्प दस्तकारों, शिल्पियों और एमएसएमई को सुविधा उपलब्ध कराने और मजबूत करने से इस लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने वाराणसी के बड़ा लालपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय व्यापार सुविधा केंद्र में आयोजित काशी एक रूप अनेके कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह के दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों और काशी के बुनकरों एवं हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

उन्होंने एक जिला एक उत्पाद के अन्तर्गत हथकरघा, गुलाबी मीनाकारी, लकड़ी के खिलौने, चंदौली ब्लैक राइस, कन्नौज के इत्र, मुरादाबाद के धातु शिल्प, आगरा के चमड़े के जूते, लखनऊ की चिकनकारी और आज़मगढ़ की ब्लैक पॉटरी का न केवल निरीक्षण किया अपितु शिल्पकारों के साथ वार्तालाप भी किया। उन्होंने विभिन्न शिल्पों से जुड़े शिल्पियों और दस्तकारों को किट और वित्तीय सहायता भी प्रदान की।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय उत्पादों के लिए अधिक अवसर पैदा करने और कई योजनाओं के तहत बुनकरों और हस्तशिल्पियों को मशीन, ऋण जैसे आवश्यक अवसर प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की सराहना की। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यक्रमों जैसे एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम के कारण, पिछले 2 वर्षों में उत्तर प्रदेश से निर्यात निरंतर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को उत्तर प्रदेश के उत्पादों से न सिर्फ लाभ होगा बल्कि यह ऑनलाइन बाजार के माध्यम से दुनिया अन्य हिस्सों तक भी पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि भारत में प्रत्येक जिले की पहचान कुछ अनोखे उत्पादों जैसे रेशम, मसाले आदि की विभिन्न किस्मों से की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया और एक जिला एक उत्पाद जैसे विचारों के पीछे ऐसी ही व्यापक प्रेरणा कार्य करती है यह एक सकारात्मक विकास की ओर ले जाने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि पिछले 2 वर्षों में 30 जिलों के 3500 से अधिक शिल्पी बुनकरों को यूपी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (यूपीआईडी) के द्वारा समर्थित किया गया है। 1000 से अधिक शिल्पियों को टूलकिट भी प्रदान किए। बुनकरों, शिल्पियों, हस्तशिल्पियों को समर्थन देने के लिए यूपीआईडी के प्रयासों की सराहना की।

जामिया हिंसा के दोषियों पर कार्रवाई हो: प्रियंका

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने जामिया हिंसा पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली पुलिस पर सच नहीं बोलने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि दोषियों के खिलाफ सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए।

श्रीमती वाड्रा ने ट्वीट के साथ एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि पुलिसकर्मी जामिया के पुस्तकालय में छात्रों को पीट रहे हैं जबकि दिल्ली पुलिस और श्री शाह का कहना है कि पुलिस ने किसी भी छात्र को नहीं पीटा है। कांग्रेस नेता ने कहा, देखिए कैसे दिल्ली पुलिस पढ़ने वाले छात्रों को अंधाधुंध पीट रही है। एक लड़का किताब दिखा रहा है लेकिन पुलिस वाला लाठियां चलाए जा रहा है। गृह मंत्री और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने झूठ बोला कि उन्होंने लाइब्रेरी में घुस कर किसी को नहीं पीटा।....इस वीडियो को देखने के बाद जामिया में हुई हिंसा को लेकर अगर किसी पर एक्शन नहीं लिया जाता तो सरकर की नीयत पूरी तरह से देश के सामने आ जाएगी। इस बीच समाजवादी पार्टी ने भी एक ट्वीट कर इस मामले में न्यायालय के हस्तक्षेप की मांग की है।

केजरीवाल तीसरी बार बने दिल्ली के सीएम

नईदिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल रविवार को लगातार तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वो दिल्ली के तीसरी बार मुख्यमंत्री बन रहे हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने यहां रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में अरविंद केजरीवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता पहुंचे हैं। केजरीवाल के साथ मनीष सिसोदिया, सतेंद्र जैन, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और राजेंद्र पाल गौतम ने मंत्री पद की शपथ ली।

» दिल्ली पुलिस का 73वां स्थापना दिवस परेड समारोह

उत्तेजना में आए बिना लोगों को उपद्रवियों से बचाना पुलिस का कर्तव्य:शाह

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस परेड समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस राज्य की की नहीं बल्कि पूरे देश की है। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस को बधाई देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि जब हम दिल्ली और देश की सुरक्षा में दिल्ली पुलिस की भूमिका को देखते हैं तो ज्ञात होता है कि दिल्ली पुलिस न केवल भारत की बल्कि पूरे विश्व के महानगर पुलिस बलों की प्रमुख पंक्ति में अपना स्थान सुनिश्चित करती है, जो कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस के लिए यह भी गौरव का विषय है कि उसकी स्थापना स्वयं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने की, जिनकी भूमिका पूरे देश को अखंड बनाने में अद्वितीय है।

उन्होंने सरदार पटेल के वक्तव्य को याद करते हुए कहा कि पुलिस को सदैव यह ध्यान रखना चाहिए कि किसी भी कारणवश उत्तेजना में आए बिना नागरिकों को उपद्रवियों से सुरक्षित रखना उनका परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का गर्व है कि दिल्ली पुलिस ने सरदार पटेल की इस सीख को हमेशा चरितार्थ किया है। शाह ने कहा की स्थापना से आज तक देश की राजधानी में जितने राष्ट्रीय पर्व मनाए गए, विभिन्न राष्ट्रों के अध्यक्ष दिल्ली आए, दिल्ली पुलिस ने सदैव इन सभी कार्यक्रमों का संचालन बिना किसी चूक के सफलतापूर्वक सुनिश्चित किया है। यही कारण है कि राजधानी में चाहे कितना भी बड़ा समारोह या राष्ट्रीय पर्व का आयोजन हो, आज तक देश निश्चिंत होकर इसकी ज़िम्मेदारी दिल्ली पुलिस के कंधों पर छोड़ता आया है, उन्होंने कहा। पीएम मोदी की बात को दोहराते हुए उन्होंने कहा की हर नागरिक को यह ध्यान रखना चाहिए कि पुलिस हमारी सुरक्षा के लिए है।